>

Title: Need to provide a special package for setting up of adequate medical facilities in Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): मेरे संसदीय क्षेत्र जालोर राजस्थान के अंतर्गत दो जिले जालोर और सिरोही आते हैं, जहाँ गरीब किसानों की संख्या अधिक है। स्वास्थ्य खराब होने पर सरकारी अस्पतालों में जाते हैं जहाँ पर दवा की अनुपलब्धता के साथ-साथ चिकित्सकों की कमी बतायी जाती है। ऐसी स्थिति में आए दिन मौतें होती रहती हैं। कर्ज लेकर क्षेत्रीय जनता प्राईवेट अस्पतालों में इलाज कराने जाती हैं जहाँ उनका उचित इलाज नहीं होता है। ऐसी स्थिति में जनता परिवार सहित कष्ट में है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि केन्द्रीय सहायता से जिला जालोर एवं सिरोही में चिकित्सकों की कमी पूर्ण करने तथा अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराने हेतु विशेष पैकेज का प्रबंध सुनिश्चित करें।